# प्रश्न बैंक
## विषय–अर्थशास्त्र

कक्षा–11वीं
वर्ष–2025–26

त्रैमासिक परीक्षा के लिए

लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश

**नोट– विषय शिक्षक उपरोक्त प्रश्नों में से अपनी स्वेच्छा अनुसार विद्यार्थियों के सीखने के स्तर एवं पाठ्यक्रम पूर्णता को ध्यान में रखते हुए प्रश्न पत्र बनाते समय प्रश्नों का चयन त्रैमासिक परीक्षा का प्रश्न पत्र बनाते समय कर सकते हैं।**

## त्रैमासिक परीक्षा 2025 -26

### ब्लू प्रिंट

**कक्षा- 11** **पूर्णांक -80**

**विषय- अर्थशास्त्र** **समय- 3.00 घण्टे**

| पाठ्यपुस्तक का नाम | अध्याय का नाम | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | | | | | कुल वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंक वार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सही विकल्प | रिक्त स्थान | सत्य / असत्य | सही जोड़ी | एक वाक्य | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| अर्थशास्त्र में सांख्यिकी | 1.परिचय | 10 | 1 | - | - | - | - | 1 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| | 2.आंकड़ों का संग्रह | 07 | 1 | 1 | - | 1 | 1 | 4 | - | 1 | - | 1 |
| | 3. आंकड़ों का संगठन | 04 | - | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 | - | - | - | - |
| | 4.आंकड़ों का प्रस्तुतीकरण | 09 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 5 | 2 | - | - | 2 |
| | 5.केंद्रीय प्रवृत्ति की माप | 18 | 1 | 1 | 2 | 2 | 2 | 8 | 3 | - | 1 | 4 |
| भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास | 1. स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर भारतीय अर्थव्यवस्था | 10 | 1 | - | - | - | - | 1 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| | 2. भारतीय अर्थव्यवस्था 1950-1990 | 12 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 5 | 2 | 1 | - | 3 |
| | 3.उदारीकरण ,निजीकरण और वैश्वीकरण : एक समीक्षा | 10 | | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 | 1 | - | 1 | 2 |
| | कुल | 80 | 6 | 6 | 6 | 7 | 7 | 32 | 20 | 12 | 16 | 18+05 =23 |

**नोट - प्रश्न पत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश-**

1. प्रश्न क्रमांक 01 से 05 तक कुल 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है।
2. प्रश्न क्रमांक 1- सही विकल्प 06 अंक ,प्रश्न क्रमांक 2 - रिक्त स्थान 06 अंक ,प्रश्न क्रमांक 3 - सत्य / असत्य 06 अंक ,प्रश्न क्रमांक 4 - सही जोड़ी 07 अंक
3. प्रश्न क्रमांक 5 - एक वाक्य में उत्तर 07 अंक
4. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए जाना हैं ।
5. प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक कुल 10 प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित है।
6. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 04 प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक निर्धारित है।
7. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 04 प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक निर्धारित है।

अर्थशास्त्र

कक्षा–11वीं

सत्र 2025–26

**निर्देशः–**

1. **प्रश्न क्रमांक–1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 6 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक, सही जोड़ी 7 अंक एवं एक शब्द/वाक्य में उत्तर 7 अंक, संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित है।**
2. **प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक का उत्तर 30 शब्दों में दीजिए।**
3. **प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक पर 03 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द ।**
4. **प्रश्न क्रमांक–20 से 23 तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं, प्रत्येक पर 04 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द।**
5. **प्रश्न क्रमांक–6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिये गए हैं।**

---

## बुक–1 अर्थशास्त्र में सांख्यिकी

अध्याय–1

परिचय

**सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

(1) आधुनिक अर्थशास्त्र के प्रवर्तक हैं –

(अ) कौटिल्य (ब) एल्फ्रेड मार्शल

(स) रॉबिन्स (द) अमृर्त्य सेन

(2) जब आप वस्तुओं को क्रय करते हैं, तब आप निम्न में से क्या कहलाते हैं –

(अ) उपभोक्ता (ब) उत्पादक

(स) विक्रेता (द) कर्मचारी

(3) सभी आर्थिक समस्याओं की जड़ है –

(अ) संसाधनों की दुर्लभता (ब) संसाधनों का अतिरेक

(स) संसाधनों के वैकल्पिक प्रयोग (द) उपभोग

(4) निम्न में से कौन सी एक गैर आर्थिक क्रिया है –

(अ) चिकित्सालय में चिकित्सक द्वारा बीमार का इलाज
(ब) शिक्षक द्वारा शाला में छात्रों का अध्यापन
(स) पिता द्वारा अपने पुत्र का पार्क में भ्रमण
(द) कृषक द्वारा गेहूँ का उत्पादन

(5) देश में उत्पादन से प्राप्त कुल आय कहलाती है –

(अ) प्रति व्यक्ति आय (ब) शुद्ध घरेलू उत्पाद

(स) सकल घरेलू उत्पाद (द) वैयक्तिक आय

(6) मात्रात्मक आंकड़ों का उदाहरण है –

(अ) राष्ट्रीयता (ब) लिंग

(स) छात्र की ऊँचाई (द) वैवाहिक स्थिति

**2 अंक के प्रश्न –**

(i) सांख्यिकी को परिभाषित कीजिए।

(ii) उपभोग को परिभाषित कीजिए।

(iii) आर्थिक क्रियाएं किसे कहते हैं ?

(iv) गैर आर्थिक (अनार्थिक) क्रियाएं किसे कहा जाता है।

(v) उत्पादक किन्हे कहा जा सकता है ?

(vi) अर्थशास्त्र का अध्ययन क्षेत्र स्पष्ट कीजिए।

(vii) वितरण को स्पष्ट कीजिए।

**3 अंक के प्रश्न –**

(i) अर्थशास्त्र के अध्ययन क्षेत्र को तीन बिन्दुओं में लिखिए।

(ii) अर्थशास्त्र के भागों को स्पष्ट कीजिए।

(iii) सांख्यिकीय आंकड़े, आर्थिक विकास हेतु नीति निर्माण में किस तरह सहायक होते हैं? तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

(iv) सांख्यिकी के तीन कार्य लिखिए।

(v) सांख्यिकी विधियों के प्रयोग से लाभ लिखिए। (तीन बिन्दु)

**4 अंक के प्रश्न –**

(i) आर्थिक एवं गैर आर्थिक क्रियाओं में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ii) आर्थिक एवं गैर आर्थिक क्रियाओं के चार–चार उदाहरण लिखिए।

(iii) अर्थशास्त्र में सांख्यिकी की आवश्यकता को 4 बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

(iv) ''सांख्यिकी नीति निर्माण में सहायक है,'' इस तथ्य के पक्ष में 4 बिन्दु लिखिए।

(v) ''आपकी आवश्यकताएं असीमित हैं,'' तथा उनकी पूर्ति करने के लिए आपके पास संसाधन सीमित हैं। दो उदाहरणों द्वारा इस कथन की व्याख्या कीजिए।

## अध्याय–2
## आंकड़ों का संग्रह

**सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

(1) भारत में स्वतंत्रता के पश्चात् पहली जनगणना निम्न में से किस वर्ष में हुई थी –

(अ) 1981 में (ब) 1951 में

(स) 1991 में (द) 2011 में

(2) भारत में कितने वर्षों के अंतराल में जनगणना की जाती है –

(अ) प्रत्येक 10 वर्ष के (ब) प्रत्येक 5 वर्ष के

(स) प्रत्येक 15 वर्ष के (द) प्रत्येक वर्ष

(3) वह व्यक्ति जो किसी शोध हेतु आंकड़े संग्रह करता है –

(अ) अर्थशास्त्री (ब) उत्तरदाता

(स) गणनाकार (द) सांख्यिकीविद

(4) भारत में पहली जनगणना निम्न वर्ष में हुई थी –

(अ) वर्ष 1881 में (ब) वर्ष 1951 में

(स) वर्ष 2011 में (द) वर्ष 2021 में

(5) निम्न में से कौन सा एक द्वितीयक आंकड़ों का स्त्रोत नहीं है –

(अ) सरकारी रिपोर्ट (ब) समाचार पत्र

(स) वेबसाइट (द) विद्यालयीन छात्रों से प्रत्यक्ष पूछतांछ द्वारा जानकारी जुटाना।

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

(i) प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त जानकारी के आंकड़े .................. आंकड़े कहलाते हैं।

(ii) प्रश्नावली ................ हेतु सर्वाधिक प्रचलित साधन है।

(iii) वह सर्वेक्षण जिसके अंतर्गत जनसंख्या के सभी तत्व शामिल होते हैं, ............. विधि कहा जाता है।

(iv) शोधकर्ता द्वारा संग्रह किये गए आंकड़े .................. आंकड़े कहलाते हैं।

(v) किसी दूसरी संस्था द्वारा संगृहित व संशोधित आंकड़े ............. आंकड़े कहलाते हैं।

**सही जोड़ी बनाइए –**

| (अ) | | (ब) |
| --- | --- | --- |
| (i) जनसांख्यिकीय अभिलेख | – | (अ) सरकारी रिपोर्ट |
| (ii) यादृच्छिक प्रतिचयन | – | (ब) अध्ययन क्षेत्र की समस्त इकाईयां |
| (iii) समष्टि | – | (स) डाक द्वारा प्रश्नावली भेजना |
| (iv) आंकड़ा संग्रह की एक विधि | – | (द) CSO (केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन) |
| (v) द्वितीयक आंकड़ों का एक स्त्रोत | – | (इ) प्रतिदर्श |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

(i) एक विधि जिसके द्वारा विभिन्न व्यक्तियों से सूचनाएं एकत्र की जाती हैं ?

(ii) प्रश्नावली की पूर्व परीक्षा किसे कहा जाता है ?

(iii) भारत में पिछली जनगणना किस वर्ष में हुई थी ?

(iv) शोधकर्ता/गणनाकार द्वारा स्वयं पूंछताछ कर आंकड़े एकत्र किये जाते हैं, तो यह किस प्रकार के समंक हैं।

(v) अध्ययन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी मदों/इकाईयों की समग्रता कहलाती है।

**3 अंक के प्रश्न –**

(i) वैयक्तिक साक्षात्कार विधि को तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

(ii) टेलीफोन साक्षात्कार विधि की तीन सीमाएं लिखिए।

(iii) डाक द्वारा प्रश्नावली से सर्वेक्षण में आने वाली तीन कमियां लिखिए।

(iv) प्राथमिक स्त्रोतों से प्राप्त आंकड़े एवं द्वितीयक स्त्रोतों से प्राप्त आंकड़ों में तीन अंतर लिखिए।

(v) एक अच्छी प्रश्नावली के तीन गुण लिखिए।

(vi) द्वितीयक आंकड़ों के तीन स्त्रोतों के उदाहरण लिखिए।

(vii) प्रायोगिक सर्वेक्षण को तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

(viii) जनगणना विधि को तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

अध्याय–3

# आंकड़ों का संगठन

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

(i) अपरिष्कृत आंकड़ों को वर्गीकृत करने का उद्देश्य उन्हें .................. करना है।

(ii) आंकड़ों को समय के आधार पर वर्गीकरण ................ वर्गीकरण कहा जाता है।

(iii) भौगोलिक स्थितियों के आधार पर आंकड़ों का वर्गीकरण ............. वर्गीकरण कहलाता है।

(iv) सतत चर कोई भी .................मान हो सकते हैं।

(v) ............ चर केवल निश्चित मान हो सकते हैं।

**सत्य/असत्य लिखिए –**

(i) ''किसी कक्षा में छात्रों की संख्या'', सतत चर का एक उदाहरण है।

(ii) ऊंचाई या भार के आधार पर वर्गीकरण मात्रात्मक वर्गीकरण है।

(iii) आंकड़ों का तिमाही, छिमाही या वार्षिक आधार पर वर्गीकरण स्थानिक वर्गीकरण कहलाता है।

(iv) अपरिष्कृत आंकड़ों को एक मात्रात्मक चर में वर्गीकृत करने के लिए बारंबारता वितरण सहायक होता है।

(v) अपरिष्कृत आंकड़ों में ''कोई एक प्रेक्षण'' कितनी बार प्रकट होता है, वह प्रेक्षण की बारंबारता होती है।

**सही जोड़ी बनाइए –**

| (अ) | | (ब) |
|---|---|---|
| (i) बारंबारता वक्र | – | (अ) मात्रात्मक वर्गीकरण |
| (ii) छात्र/छात्रा की आयु | – | (ब) बारंबारता सारणी |
| (iii) विविक्त चरों का वर्गीकरण | – | (स) बारंबारता वितरण का आरेखीय प्रस्तुतीकरण |
| (iv) सतत चर | – | (द) निश्चित मान |
| (v) विविक्त चर | – | (इ) कोई भी संख्यात्मक मान |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

(i) विविक्त चरों के लिए आंकड़ों का वर्गीकरण क्या कहलाता है ?

(ii) दो चरों के बारंबारता वितरण को क्या कहते हैं ?

(iii) परास का क्या अर्थ है ?

(iv) सतत चर का एक उदाहरण दीजिए।

(v) विविक्त चर का एक उदाहरण दीजिए।

## अध्याय–4
## आंकड़ों का प्रस्तुतीकरण

**सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

(1) दंड आरेख है –

(अ) एक विमी आरेख (ब) द्विविम आरेख

(स) विम रहित आरेख (द) इनमें से कोई नहीं

(2) जब आंकड़ों का विवरण पाठ में ही दिया जाता है, तब इस प्रकार का प्रस्तुतीकरण –

(अ) पाठ विषयक प्रस्तुतीकरण होता है

(ब) सारणीबद्ध प्रस्तुतीकरण होता है

(स) आरेखीय प्रस्तुतीकरण होता है

(द) बारंबारता आरेख होता है

(3) राष्ट्रीयता के आधार पर वर्गीकरण है –

(अ) मात्रात्मक वर्गीकरण (ब) गुणात्मक वर्गीकरण

(स) कालिक वर्गीकरण (द) स्थानिक वर्गीकरण

(4) निम्न में से कौन सा एक सारणी की विषय वस्तु की व्याख्या करता है –

(अ) सारणी संख्या (ब) शीर्षक

(स) टिप्पणी (द) स्त्रोत

(5) वृत्त आरेख निम्न में से किस आरेख की श्रेणी में आता है –

(अ) बारंबारता आरेख (ब) अंकगणितीय रैखिक आरेख

(स) ज्यामितीय आरेख (द) बारंबारता वितरण

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

(i) .................. को संचयी बारंबारता वक्र के नाम से भी जाना जाता है।

(ii) आयत चित्र एक ................ आरेख है।

(iii) वृत्त आरेख में वृत्त को ............. बराबर भागों में बांट लिया जाता है।

(iv) वृत्त आरेख एक .................आरेख हैं।

(v) सारणी के............ भाग में वास्तविक आंकड़े होते हैं।

**सत्य/असत्य लिखिए –**

(i) सारणीबद्ध प्रस्तुतीकरण में, आंकड़ों को पंक्तियों तथा स्तंभों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

(ii) आयु के आधार पर वर्गीकरण गुणात्मक वर्गीकरण है।

(iii) स्थानिक वर्गीकरण का आधार समय होता है।

(iv) किसी सारणी की संख्या उसकी पहचान के लिए निर्धारित की जाती है।

(v) टिप्पणी किसी सारणी का अंतिम अंग होता है।

**सही जोड़ी बनाइए –**

| (अ) | | (ब) |
|---|---|---|
| (i) दंड आरेख का एक रूप | – | (अ) घटक दंड आरेख |
| (ii) आयत चित्र | – | (ब) काल श्रेणी आरेख |
| (iii) अंकगणितीय रेखा चित्र | – | (स) पंक्ति शीर्षक |
| (iv) सारणी का एक अंग | – | (द) गुणात्मक वर्गीकरण |
| (v) राष्ट्रीयता के आधार पर वर्गीकरण | – | (इ) बारंबारता आरेख |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

(i) जब वर्गीकरण का आधार स्थान हो तो इसे क्या कहते हैं ?

(ii) आयत चित्र किन चरों के लिए बनाये जा सकते हैं ?

(iii) आंकड़े मात्रा में कम हों तो किस प्रकार का प्रस्तुतीकरण बेहतर होता है ?

(iv) अधिक आंकड़ों (मात्रा में अधिक) के लिए किस प्रकार का प्रस्तुतीकरण सहायक होता है ?

**2 अंक के प्रश्न –**

(i) बारंबारता आरेख को परिभाषित कीजिए।

(ii) आयत चित्र को स्पष्ट कीजिए।

(iii) आंकड़ों के प्रस्तुतीकरण के प्रकार लिखिए।

(iv) आंकड़ों के पाठ–विषयक प्रस्तुतीकरण को स्पष्ट कीजिए।

(v) आंकड़ों के सारणीबद्ध प्रस्तुतीकरण को परिभाषित कीजिए।

(vi) आंकड़ों के आरेखी प्रस्तुतीकरण को स्पष्ट कीजिए।

(vii) सारणीयन में प्रयुक्त वर्गीकरण के प्रकार लिखिए।

(ix) कालिक वर्गीकरण के दो उदाहरण दीजिए।

(x) एक किराना दुकान की 2020 से 2025 तक की वार्षिक बिक्री के आंकड़ों को सारणीबद्ध कीजिए –

| वर्ष – | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बिक्री (लाख में) | 12 | 10 | 14 | 16 | 13 | 18 |

(xi) एक सारणी के पहले दो अंग कौन से हैं ?

(xii) सारणी के शीर्षक का क्या अर्थ है ?

(xiii) सारणी का मुख्य भाग किसे दर्शाता है ?

(xiv) सारणी की टिप्पणी को स्पष्ट कीजिए।

(xv) ज्यामितीय आरेख के प्रकार लिखिए।

(xvi) सरल दंड–आरेख को एक उदाहरण से स्पष्ट कीजिए।

(xvii) बहु दंड–आरेख को परिभाषित कीजिए।

(xviii) घटक दंड–आरेख को परिभाषित कीजिए।

(xix) वृत्त आरेख को स्पष्ट कीजिए।

(xx) तोरण को परिभाषित कीजिए।

## अध्याय–5
## केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप

**सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

(1) गुणात्मक मापन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त औसत है –

(अ) समांतर माध्य (ब) मध्यिका

(स) बहुलक (द) ज्यामितीय माध्य

(2) चरम मदों की उपस्थिति से कौन सा औसत सर्वाधिक प्रभावित होता है –

(अ) मध्यिका (ब) बहुलक

(स) समांतर माध्य (द) भारित समांतर माध्य

(3) 5,10,12,15,18 का औसत है –

(अ) 60 (ब) 10

(स) 12 (द) 24

(4) समांतर माध्य से मदों के विचलनों का योग सदा –

(अ) 1 होता है (ब) शून्य (0) के बराबर होता है

(स) 1 से कम होता है (द) 1 से अधिक होता है

(5) 'शतमक' किसी वितरण को निम्न भागों में बांटता है –

(अ) 10 भागों में (ब) 1000 भागों में

(स) 100 भागों में (द) 10000 भागों में

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

(i) .................. वे माप हैं, जो आंकड़ों को चार बराबर भागों में बांटते हैं।

(ii) ................ श्रृंखला में सबसे अधिक बार दोहराया जाता है।

(iii) ............. वितरण का केन्द्रीय मान है।

(iv) मध्यिका सदैव समांतर माध्य और बहुलक के .................में होती हैं।

(v) समांतर माध्य से मदों के विचलनों का योग सदैव............ के बराबर होता है।

**सत्य/असत्य लिखिए –**

(i) चतुर्थक मानों के कुल समुच्चय को चार बराबर भागों में बांटते हैं।

(ii) श्रृंखलाओं की तुलना के लिए मात्र औसत ही पर्याप्त नहीं है।

(iii) समांतर माध्य एक स्थैतिक मूल्य है।
(iv) मध्यिका चरम प्रेक्षणों द्वारा अनुचित रूप से प्रभावित होती है।
(v) उच्च चतुर्थक शीर्ष 25 प्रतिशत मदों का निम्नतम मान है।

**सही जोड़ी बनाइए –**

| (क) | | (ख) |
|---|---|---|
| (i) बहुलक | – | (अ) $\bar{X}$ |
| (ii) समांतर माध्य | – | (ब) P |
| (iii) शतमक | – | (स) $Q_{\cdot 3}$ |
| (iv) निम्न चतुर्थक | – | (द) $Q_{\cdot 1}$ |
| (v) उच्च चतुर्थक | – | (इ) $M_O$ |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

(i) समान्तर माध्य से मदों के विचलनों का योग सदैव होगा ?
(ii) समान्तर माध्य ज्ञात करने का सूत्र लिखिए ?
(iii) औसत माध्य किनके द्वारा प्रभावित होते हैं ?
(iv) मध्यिका वितरण को कितने भागों में बांटता है ?

**2 अंक के प्रश्न –**

(i) केन्द्रीय प्रवृत्ति के माप का क्या अर्थ है ?
(ii) समान्तर माध्य को परिभाषित कीजिए।
(iii) 6 छात्रों के अर्थशास्त्र में प्राप्तांक निम्न हैं –

40 45 35 30 50 55

उपरोक्त आंकड़ों की सहायता से समान्तर माध्य की गणना कीजिए।
(iv) समान्तर माध्य की दो विशेषताएं लिखिए।
(v) भारित समान्तर माध्य को परिभाषित कीजिए।
(vi) निम्न आंकड़ों से मध्यिका की गणना कीजिए –

5, 6, 1, 9, 12, 4, 3, 8, 7

(vii) मध्यिका को परिभाषित कीजिए।
(viii) चतुर्थक को परिभाषित कीजिए।
(ix) शतमक को परिभाषित कीजिए।
(x) बहुलक को परिभाषित कीजिए।

(xi) निम्न आंकड़ों से बहुलक की गणना कीजिए –

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 3 | 2 | 5 | 5 | 4 | 1 | 5 | 7 |

(xii) समान्तर माध्य, मध्यिका एवं बहुलक की सापेक्षिक स्थिति को स्पष्ट कीजिए।

(xiii) निम्न चतुर्थक का सूत्र लिखिए।

(xiv) उच्च चतुर्थक का सूत्र लिखिए।

**4 अंक के प्रश्न –**

(i) 10 परिवारों की मासिक आय के आंकड़ों की सहायता से समान्तर माध्य का परिकलन कीजिए। (कल्पित माध्य विधि से)

| **परिवार –** | A | B | C | D | E | F | G | H | I |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **आय (रूपये में)–** | 850 | 900 | 950 | 2000 | 5000 | 700 | 750 | 650 | 450 |

(ii) प्रत्यक्ष विधि द्वारा समान्तर माध्य की गणना कीजिए –

| **प्राप्तांक –** | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 |
|---|---|---|---|---|---|
| **छात्रों की संख्या–** | 5 | 12 | 17 | 14 | 8 |

(iii) किसी परीक्षा में दस (10) छात्रों द्वारा प्राप्त किये गए अंकों के आंकड़ों से निम्न चतुर्थक के मान का परिकलन कीजिए –

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | 26 | 28 | 14 | 30 | 19 | 11 |
| | 35 | 42 | 12 | 32 | | |

(iv) निम्नलिखित आंकड़े किसी कारखाने में कार्यरत लोगों की दैनिक मजदूरी से संबंद्ध है, मध्यिका दैनिक मजदूरी का परिकलन कीजिए।

| **दैनिक मजदूरी (रूपये में)** | 30–40 | 40–50 | 50–60 | 60–70 | 70–80 |
|---|---|---|---|---|---|
| **मजदूरों की संख्या–** | 18 | 20 | 15 | 19 | 12 |

(v) चतुर्थक एवं शतमक को उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए।

(vi) निम्नलिखित आंकड़ों से बैंगलोर की एक कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों के हैं, बहुलक मासिक आय का परिकलन कीजिए:–

| **मासिक आय (हजार रूपये में)** | **कर्मचारियों की संख्या** |
|---|---|
| 40–50 | 12 |
| 50–60 | 10 |
| 60–70 | 08 |
| 70–80 | 15 |
| 80–90 | 14 |

# बुक–2 भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास

अध्याय–1

स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर भारतीय अर्थव्यवस्था

**सही विकल्प का चयन कीजिए –**

(1) मलमल क्या है –

(अ) एक विशेष प्रकार का सूती कपड़ा (ब) रेशमी कपड़ा

(स) जानवरों की खाल से बना वस्त्र (द) ऊनी वस्त्र

(2) मलमल का उत्पादन क्षेत्र था –

(अ) सूरत (ब) ढाका

(स) इन्दौर (द) मैसूर

(3) सत्रहवीं शताब्दी में भारत की कृषि की स्थिति का वर्णन किस विदेशी यात्री ने किया है –

(अ) विलियम डिग्बी ने (ब) फिंडले शिराज ने

(स) फ्रांसीसी यात्री बर्नीयर ने (द) दादा भाई नौरोजी ने

(4) टाटा आयरन स्टील कंपनी (TISCO) की स्थापना निम्न में से किस वर्ष में हुई थी –

(अ) 1853 (ब) 1905

(स) 1906 (द) 1907

(5) भारत में पहली रेल इन दो स्थानों में चलाई गई –

(अ) मुम्बई से थाणे (ब) भोपाल से इंदौर

(स) मुम्बई से सूरत (द) मुम्बई से पूना

**2 अंक के प्रश्न –**

(i) औपनिवेशिक काल नें राष्ट्रीय आय का आंकलन करने वाले 2 प्रमुख अर्थशास्त्रियों के नाम लिखिए।

(ii) औपनिवेशिक शासन के दौरान भारत में कृषि की गतिहीनता के 2 मुख्य कारण लिखिए।

(iii) औपनिवेशिक शासन की भू–व्यवस्था को 2 बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

(iv) ब्रिटिश काल में कृषकों के शोषण को 2 बिन्दुओं में व्यक्त कीजिए।

(v) उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में स्थापित सूती कपड़ा मिलें वर्तमान में किन राज्यों में स्थित हैं।

(vi) औपनिवेशिक शासनकाल में भारत की शिल्पकला के पतन के 2 प्रमुख कारण लिखिए।

(vii) स्वेज नहर के व्यापार मार्ग खुलने के भारत पर क्या प्रभाव पड़े ? दो बिन्दुओं में लिखिए।

(viii) अंग्रेजों द्वारा भारत में रेलों के आरंभ का भारत की अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(किन्हीं दो बिन्दुओं में लिखिए)

(ix) औपनिवेशिक शासन के दौरान भारत में आधारिक संरचना के विकास को 2 बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

(x) ब्रिटिश शासन के दौरान भारत की साक्षरता की स्थिति दो बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

**3 अंक के प्रश्न –**

(i) स्वतंत्रता से पूर्व भारत की जनसंख्या की व्यवसायिक संरचना की 3 विशेषताएं लिखिए।

(ii) अंग्रेजी शासन के दौरान भारत के परंपरागत हस्तकला उद्योगों का विनाश हुआ। क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के पक्ष में तीन कारण दीजिए।

(iii) ब्रिटिश शासन के दौरान कृषि के व्यवसायीकरण को 3 बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

(iv) इंग्लैंड की औद्योगिक क्रांति ने भारत की अर्थव्यवस्था को किस तरह प्रभावित किया। (कोई 3 बिन्दु)

(v) औपनिवेशिक शासनकाल में भारत के विदेश व्यापार की स्थिति तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

**4 अंक के प्रश्न –**

(i) स्वतंत्रता के समय भारत के समक्ष उपस्थित आर्थिक चुनौतियों को 4 बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

(ii) औपनिवेशिक काल में भारतीय संपत्ति के निष्कासन की 4 बिन्दुओं में व्याख्या कीजिए।

(iii) भारत में औपनिवेशिक शासन की आर्थिक नीतियों का केन्द्र बिन्दु क्या था? (कोई चार बिन्दु लिखिए)

(iv) ब्रिटिश शासन की आर्थिक नीतियों के भारत के अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव हुए? (कोई 4 बिन्दु)

(v) ब्रिटिश शासन द्वारा अपनाई गई औद्योगिक नीतियों की कमियों की आलोचनात्मक व्यवस्था करें। (कोई 4 बिन्दु)

(vi) भारत में रेल व्यवस्था के आरंभ के भारत पर क्या प्रभाव पड़े? (कोई 4 बिन्दु)

(vii) ब्रिटिश शासन के दौरान भारत की जनांकिकीय स्थिति को 4 बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

(viii) क्या अंग्रेजों ने भारत में कुछ सकारात्मक योगदान भी दिया था? किन्हीं चार बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

अध्याय–2

भारतीय अर्थव्यवस्था 1950–1990

**सही विकल्प का चयन कीजिए –**

(1) भारत में योजना आयोग की स्थापना निम्न में से किस वर्ष में हुई थी –

(अ) 1947 (ब) 1948

(स) 1950 (द) 1951

(2) भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना लागू हुई –

(अ) वर्ष 1948 में (ब) वर्ष 1951 में

(स) वर्ष 1974 में (द) वर्ष 1992 में

(3) ऐसी अर्थव्यवस्था जिसमें बाजार मांग एवं पूर्ति की शक्तियों पर निर्भर होता है –

(अ) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था (ब) समाजवादी अर्थव्यवस्था

(स) मिश्रित अर्थव्यवस्था (द) इनमें से कोई नहीं

(4) मिश्रित अर्थव्यवस्थाओं में –

(अ) लाभ का हित सर्वोपरि होता है (ब) सरकार ही उत्पादन संबंधी निर्णय लेती है
(स) सरकार तथा बाजार एक साथ कार्य करते है (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

(5) निम्न में से किस योजना का मॉडल पी.सी.महालनोबिस ने दिया –

(अ) प्रथम पंचवर्षीय योजना (ब) द्वितीय पंचवर्षीय योजना

(स) आठवीं पंचवर्षीय योजना (द) बारहवीं पंचवर्षीय योजना

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

(i) एक वर्ष की अवधि में देश में हुए सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन का बाजार मूल्य .................. होता है।

(ii) भारत में हरित क्रांति................ दशक में हुई।

(iii) स्वतंत्रता के समय देश की .............. प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आश्रित थी।

(iv) किसानों द्वारा उत्पादन का बाजार में बेचा गया अंश .................कहलाता है।

(v) औद्योगिक नीति प्रस्ताव ............ वर्ष में अंगीकार किया गया।

**सत्य/असत्य लिखिए –**

(i) कर्वे समिति (लघु उद्योग समिति) 1955 में लागू हुई।

(ii) हरित क्रांति के दौरान तिलहन के उत्पादन में वृद्धि हुई।
(iii) कोटा आयातित वस्तुओं पर लगाया गया कर है।
(iv) हरित क्रांति के दौरान HYV बीजों का प्रयोग हुआ।
(v) पी.सी.महालनोबिस द्वारा कोलकाता में सांख्यिकी संस्थान की स्थापना की गई।

**सही जोड़ी बनाइए –**

| (क) | | (ख) |
|---|---|---|
| (i) हरित क्रांति | – | (अ) वर्ष 1991 में |
| (ii) नई आर्थिक नीति | – | (ब) आयातित वस्तु की निर्दिष्ट मात्रा |
| (iii) कोटा | – | (स) समाजवादी अर्थव्यवस्था |
| (iv) भारत की अर्थव्यवस्था | – | (द) गेहूँ तथा चावल |
| (v) उत्पादन के साधनों पर सरकार का स्वामित्व | – | (इ) मिश्रित अर्थव्यवस्था |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

(i) पंचवर्षीय योजनाओं का एक लक्ष्य लिखिए।
(ii) सेवा क्षेत्र का एक उदाहरण दीजिए।
(iii) योजना आयोग के अध्यक्ष कौन होते हैं ?
(iv) उत्पादक कार्यों के लिए सरकार द्वारा की गई मौद्रिक सहायता को क्या कहा जाता है ?
(v) आयातों की प्रतिस्पर्धा का एक प्रभाव लिखिए।

**2 अंक के प्रश्न –**

(i) आयात शुल्क को परिभाषित कीजिए।
(ii) आयात प्रतिस्थापन का अर्थ लिखिए।
(iii) सकल घरेलू उत्पाद को परिभाषित कीजिए।
(iv) सहायिकी का अर्थ लिखिए।
(v) हरित क्रांति से दो लाभ लिखिए।
(vi) हरित क्रांति की शुरूआत होने के 2 कारण लिखिए।
(vii) हरित क्रांति के दौरान कृषि उत्पादकता बढ़ाने हेतु 2 प्रमुख तत्व लिखिए।
(viii) योजना को परिभाषित कीजिए।
(ix) उच्च पैदावार वाली किस्म (HYV) बीज क्या होते हैं ?
(x) विक्रय अधिशेष का अर्थ लिखिए।

**3 अंक के प्रश्न –**

(i) भारत जैसे विकासशील देश के रूप में आत्मनिर्भरता का पालन करना क्यों आवश्यक था ? (को तीन बिन्दु)

(ii) आयात प्रतिस्थापन किस प्रकार घरेलू उद्योगों को संरक्षण प्रदान करता है ? (कोई तीन बिन्दु)

(iii) हरित क्रांति से किसानों को क्या लाभ पहुंचा ? किन्ही तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

(iv) योजना के उद्देश्य के रूप में ''समानता के साथ संवृद्धि'' की व्याख्या किन्ही 3 बिन्दुओं में कीजिए।

(v) भारत के औद्योगिक विकास पर 1948 औद्योगिक नीति प्रस्ताव का क्या प्रभाव पड़ा ? (कोई 3 बिन्दु)

अध्याय–3

उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण एक समीक्षा

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

(i) भारत में नई आर्थिक नीति वर्ष .................. में आरंभ की गई।

(ii) भारत में वित्तीय क्षेत्रक का नियमन............... का दायित्व है।

(iii) ............. कर व्यक्तियों की आय पर लगाए जाते हैं।

(iv) .................किसी सार्वजनिक उपक्रम के स्वामित्व का सरकार द्वारा त्याग है।

(v) किसी अर्थव्यवस्था का विश्व अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण ............ है।

**सत्य/असत्य लिखिए –**

(i) विश्व व्यापार संगठन (WTO) का गठन 1991 में किया गया।

(ii) सरकार की कराधान और सार्वजनिक व्यय नीतियों को सामूहिक रूप से ''राजकोषीय नीति'' कहा जाता है।

(iii) किसी दूसरे देश की तुलना में घरेलू मुद्रा का मूल्य कम करना ''मुद्रा का अवमूल्यन'' कहलाता है।

(iv) महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड एक लघुरत्न कंपनी है।

(v) टाटा स्टील एक निजी कंपनी है।

**सही जोड़ी बनाइए –**

| (क) | | (ख) |
|---|---|---|
| (i) औद्योगिक क्षेत्रक का विनियमीकरण | – | (अ) 'एक राष्ट्र, एक टैक्स, एक बाजार' |
| (ii) वस्तु एवं सेवा कर | – | (ब) औद्योगिक लाइसेंस व्यवस्था |
| (iii) महारत्न कंपनी | – | (स) हिन्दुस्तान एरोनोटिक्स लिमिटेड |
| (iv) नवरत्न कंपनी | – | (द) कंपनी द्वारा बाहरी स्त्रोत से सेवा प्राप्त करना |
| (v) बाह्य प्रापण | – | (इ) स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

(i) विनिवेश किसे कहते हैं ?

(ii) अप्रत्यक्ष कर का एक उदाहरण दीजिए।

(iii) प्रत्यक्ष कर का एक उदाहरण दीजिए।

(iv) अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक का अन्य नाम क्या है ?

(v) नई आर्थिक नीति के एक स्थायित्वकारी उपाय लिखिए।

**2 अंक के प्रश्न –**

(i) उदारीकरण को परिभाषित कीजिए।

(ii) वैश्वीकरण को परिभाषित कीजिए।

(iii) निजीकरण को परिभाषित कीजिए।

(iv) बाह्य प्रावण का अर्थ लिखिए।

(v) कर व्यवस्था में सुधार के 2 उपाय लिखिए।

(vi) सार्वजनिक उद्यम नीति के 2 प्रमुख बिन्दु लिखिए।

(vii) प्रशुल्क को परिभाषित कीजिए।

(viii) औद्योगिक क्षेत्र के विनियमीकरण के 2 उपाय लिखिए।

(ix) सुधार प्रक्रिया से कृषि क्षेत्र के दुष्प्रभावित होने के 2 कारण लिखिए।

(x) रूपये (मुद्रा) के अवमूल्यन का अर्थ लिखिए।

(xi) भारत में आर्थिक सुधारों की आवश्यकता के 2 कारण लिखिए।

(xii) परिमानात्मक प्रतिबंधों का अर्थ लिखिए।